हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 4 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



फूटने से पहले ऐसे था बांध

# रामचौरा पहाड़ से आया पानी और लुत्ती बांध को बहा ले गया

## 1982 में बने लुती बांध में लापरवाही हुई उजागर, चार दशक से अधिक पुराने इस बांध से हो रहा था पानी का रिसाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

**धनेशपुर में लुती बांध का निर्माणि जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 1982 में कराया गया था। मिट्टी के बांध की क्षमता 0.441 एमसीएम है। अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2012-13 में मनरेगा के तहत बांध के मरम्मत का कार्य कराया गया था लेकिन उसके बाद इस बांध की मरम्मत के लिए कोई राशि नहीं आई।**

चार दशक से भी अधिक पुराने इस बांध के जर्जर होने से रिसाव भी होता था और पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत विभाग से की थी। बारिश में लुत्ती बांध पूरी तरह से भर गया था लेकिन मंगलवार को बलरामपुर में दोपहर 3 बजे से शाम 7.30 बजे तक हुई मुसलाधार बारिश में 268 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस बांध के बगल में ही रामचौरा पहाड़ है और बारिश के दौरान पहाड़ से काफी तेजी से पानी नीचे उतरा और बांध ओवर फ्लो हो गया। बाढ़ के कारण बांध से पानी निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते 100 मीटर का एरिया क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें से 30 से 40 मीटर का हिस्सा लगभग पूरी तरह से बह गया और बड़ा गड्ढा बन गया जबकि बाकी हिस्से को भी बारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी के बांध में पिछले तीन चार सालों से रिसाव हो रहा था लेकिन इस दौरान किसी ने ध्यान नहीं दिया। बारिश के समय भी जल संसाधन विभाग के बांध लबालब हो गए हैं लेकिन अधिकारियों ने अपने बांधों की स्थिति का आंकलन करना भी जरुरी नहीं समझा जो एक बड़ी लापरवाही को उजागर करता है। यदि समय रहते बांध के खतरनाक स्तर पर पहुंचने का पता लग जाता तो शायद गांव को खाली कराकर इन सात लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती थी। वहीं लोगों का कहना है कि बांध के दूसरी ओर अधिक बसाहट है और यदि बांध दूसरी ओर टूटा होता तो नुकसान और भी अधिक होता।

### प्रभावितों को दी गई सहायता राशि

निरीक्षण पर पहुंचे मंत्री श्री नेताम द्वारा प्रभावित परिवार देवंती, संदीप, फुलमतिया को सहयोग राशि प्रदान किया गया। साथ ही उन्होंने पशु हानि के लिए गांगरेल को 64 हजार रुपए, कन्हाई को 37 हजार 500 हजार रुपए, खिलबानुस को 32 हजार एवं फसल क्षति के लिए राजेश्वर सिंह को 8 हजार 500 रुपए, सुखदेव को 7 हजार 520 रुपए, सुरेश को 7 हजार 520 रुपए, संदीप को 1 लाख रुपए सहित कुल 2 लाख 57 हजार 40 रुपए का मुआवजा राशि प्रदान किया।



टूटे हुए घर के बाहर बैठे ग्रामीण।

### आवागमन बहाल करने कार्य शुरू

हादसे से न केवल ग्रामीणों की फसल और पशुधन को नुकसान पहुंचा, बल्कि आधारभूत संरचना भी प्रभावित हुई है। बांध का पानी बहने से बांध के नीचे डाउनस्ट्रीम साइड में वर्ष 2014 में निर्मित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बने दो पुल एवं सड़क को भारी क्षति पहुंची है। दोनों पुल बह जाने से क्षेत्र के आवागमन को सुचारू बनाए रखने कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के आदेशानुसार दोनों पुलों के स्थान पर अस्थायी डायवर्सन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा, कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने संयुक्त रूप से दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। संभागायुक्त श्री दुग्गा प्रभावित गांव धनेशपुर पहुंचे। वहां उन्होंने बाढ़ से प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद किया। संभागायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन हर स्थिति में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को तत्काल मुआवजा भी प्रदान किया जायेगा। इस दौरान संभागायुक्त ने प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत शिविरों का निरीक्षण किया। वहां परिवारों से बात करते हुए उन्होंने भोजन, पानी, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संभागायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि राहत शिविर में महिला, बच्चों को विशेष देखभाल की जाए।

### पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

लुत्ती बांध टूटने की घटना में लोगों की मौत व तबाही की जानकारी मिलने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंह देव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया है। इस दौरान तातापानी मण्डल अध्यक्ष जसीम अंसारी, जिला सचिव गौर विश्वास को स्थानीय प्रतिनिधि के रूप दायित्व देते हुए पीड़ति परिवार को जरुरी सहायता हेतु नियुक्त किया गया वहीं जिला महामंत्री अजय गुप्ता के नेतृत्व मे जिला महामंत्री संजीव गुप्ता, संयुक्त महामंत्री मनोज दुबे, बलरामपुर ब्लॉक अध्यक्ष नन्हेलाल गुप्ता, जिला सचिव गौर विश्वास, जिला सचिव हसनात हुसैन, मंडल अध्यक्ष जसीम अंसारी, जमवंतपुर मंडल अध्यक्ष कुशवाहा, मजरुल ने घटना स्थल पर मौजूद अधिकारियों से मिलकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया।

### 7 माह की बच्ची समेत 10 लोग बचे

बताया जा रहा है कि लुत्ती बांध के नीचे लगभग 500 मीटर की दूरी पर वहां के स्थानीय ग्रामीण कालीचरण टोप्पो का मिट्टी का मकान है। इस घर में परिवार के लगभग 10 सदस्य घटना के समय मौजूद थे। बांध में बाढ़ आने पर पानी घर में अचानक 6 फीट तक घुस गया। इस दौरान घर में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण दहशत में आ गए। किसी प्रकार से घर के सदस्य तैर कर बाहर निकले और अपनी जान बचाई। इसी दौरान कालीचरण बहते हुए पेड़ के सहारे टिक कर जान बच सका। काली चरण की पत्नी 56 वर्षीया फुलमनिया टोप्पो पर दीवार गिर गया था जिसे रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। इसके साथ ही घर में उसके पुत्र बंटू टोप्पो की 7 माह कि बेटी थी जिसे घर वालों ने दोनों हाथों से ऊपर उठाकर बाहर निकाला और जान बचाई।

### लगाया गया राहत शिविर

इस घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा रेस्क्यू अभियान तो चलाया जा रहा है इसके साथ ही बेघर हुए लोगों के लिए राहत शिविर भी लगाए गये हैं। राहत शिविर में 10 लोग ठहरे हुए है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार शिविरों में जाकर जांच कर रही हैं। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए भोजन पानी की सुविधा भी दी गई है। ग्रामीणों की फसल और संपत्ति का आकलन कर मुआवजे की प्रकरण तैयार कर शुरू की जा रही है। घटना में लगभग 25 एकड़ में लगे धान की सफल एवं 1.5 एकड़ टमाटर व खीरा की फसल की क्षति हुई है तथा तीन घरों में जल भराव भी हो गया है।





### परिवार के लोग गए हैं चेन्नई

बताया जा रहा है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के पिता सजीवन और गणेश एक माह पूर्व ही रोजी रोटी की तलाश में चेन्नई गए हुए हैं। बुधवार को जिला प्रशासन की मदद से दोनों को घटना की जानकारी दी गई है और उन्हें वापस गांव बुलाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि परिजन के आने के बाद शवों को उनके सुपुर्द किया जाएगा।

### पेड़ के सहारे बचाई जान

बताया जा रहा है कि अचानक बांध फूटने के बाद राम वृक्ष का परिवार चपेट में आ गया। इस दौरान वृद्ध रामवृक्ष भी बहने लगा था लेकिन करीब 300 मीटर तक बहने के बाद उसने एक पेड़ को पकड़कर अपनी जान बचाई लेकिन उसकी बहू एवं पत्नी की बांध फूटने के बाद चपेट में आने से मौत हो गई वहीं इसके बहू के 3 बच्चे बह गए।

### कटक से आई एसडीआरएफ भी जुटी राहत कार्य में

बुधवार को बलरामपुर जिले में आपदा प्रबंधन और बाढ़ को लेकर मॉकड्रिल किया जाना था। यही वजह है कि मॉकड्रिल के लिए कटक से उप कमांडेंट पवन कुमार जोशी के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम भी जिले में पहुंची हुई थी। घटना के बाद मॉकड्रिल को स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही घटनास्थल पर सुबह से ही एनडीआरएफ के 22 जवान, एसडीआरएफ के 6 व होमगार्ड-फायर विभाग के 14 जवानों के साथ ही स्थानीय लोग, पुलिस के जवान रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए हैं।

### प्रदेश की सरकार प्रभावित ग्रामीणों के साथ खड़ी: नेताम

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि लुत्ती बांध काफी पुराना जलाशय था और इससे आस पास के लोगों की आजीविका चलती थी। इस वर्ष अधिक बारिश के कारण भराव अधिक हो गया। इसका केनाल एक तरफ से चालू था इसके बाद भी पानी का दबाव इतना था कि बांध टूट गया। बांध ऐसे समय में टूटा जब दिनभर लोग मजदूरी करने के बाद थके हुए थे और लोगों के सोने का समय था। बांध के फूटने से काफी लोगों को हानि हुआ है। अब तक चार शव बरामद किए गये है और तीन अभी भी लापता है। लापता लोगों की पतासाजी में पूरा प्रशासन लगा हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग लापता लोगों की तलाश जारी है। घटना में पशु हानी हुई है और घरों को भी नुकसान हुआ है। हमने मुख्यमत्री विष्णुदेव साय को भी इस घटना से अवगत कराया है। मै स्वयं सीएम निवास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था लेकिन घटना की जानकारी मिलने के बाद सभी कार्यक्रम निरस्त कर घटना स्थल आया हू। सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रुपए की मुआवजा राशि के साथ ही मवेशियों की क्षतिपूर्ति राशि दी गई। ग्रामीणों को नया मकान बनाने के लिए भी राशि दी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर सीएम से चर्चा कर अतिरिक्त राशि की व्यवस्था की जाएगी।



घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम।



अफसरों व जनप्रतिनिधियों को चर्चा करते मंत्री नेताम।



रेस्क्यू करती एनडीआरएफ की टीम।

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

### जल संसाधन विभाग की है लापरवाही : बृहस्पति

पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह भी बुधवार को घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने लोगों से घटना की जानकारी लेने के साथ ही जल संसाधन विभाग की गंभीर लापरवाही से बांध टूटने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीणों ने पहले से विभाग को सूचना दी थी कि बांध की स्थिति जर्जर है एवं शाम से ही बांध में पानी रिसना शुरू हो गया था परंतु उसके बाद भी विभाग के लोग मौके पर नहीं पहुंचे थे यदि उनके द्वारा पहले से मरम्मत कार्य करवा दिया गया रहता तो ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। बांध बनने से लोग खुशहाल थे लेकिन यह घटना दुखद है। मुआवजा के साथ ही व्यवस्थापन की व्यवस्था भी सरकार को करनी चाहिए।

### सर्च अभियान जारी

बांध टूटने की घटना में अब तक चार लोगों के शव बरामद किए गए हैं जबकि तीन की तलाश जारी है। चार घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एनडीआरएफ के साथ ही एसडीआरएफ व होम गार्ड की टीम सर्च अभियान चला रही है। हमारी पहली प्राथमिकता लापता लोगों की तलाश करना है। बांध के रिसाव को लेकर भी जानकारी सामने आई है। इस मामले की भी जांच की जाएगी और जो दोषी होंगे उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-राजेंद्र कटारा, कलेक्टर बलरामपुर

### कराई गई थी मरम्मत

सिंचाई बांध का निर्माण 1982 में किया गया था। इस बांध की क्षमता 0.441 एमसीएम है। वर्ष 2012-13 में मनरेगा से बांध का मरम्मत कार्य कराया गया था उसके बाद आबंटन नहीं मिला। बांध के फिल्टर से लीकेज होना तकनीकी रूप से सामान्य है।

एमपी डहरिया, ईई जल संसाधन विभाग



गोधनपुर में स्थापित गणेश प्रतिमा।



श्री हनुमान मंदिर गणेश पूजा समिति रामानुजगंज।



सार्वजनिक गणेश पूजन समिति बस स्टैंड सलका।



सार्वजनिक श्री गणेश पूजा समिति भैयाथान रोड सूरजपुर।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त उप वन परिक्षेत्राधिकारी को श्रीफल साल भेंट कर दी गई बिदाई

**कुसमी।** वन विभाग कुसमी के वन विभाग के निरीक्षण कुटीर में 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत हुए उप वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष यादव को वन विभाग के एसडीओ आरएस श्रीवास्तव,वन परिक्षेत्राधिकारी काली राम सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा साल, श्रीफल साल एवं उपहार भेंट कर बिदाई दी। विदाई कार्यक्रम में संतोष यादव सहित उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र सहित अन्य रिश्तेदार मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीओ आरएस श्रीवास्तव ने सेवा निवृत हुए संतोष यादव सहित परिवार को हमेशा खुशहाल रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के समय में अच्छे से नौकरी करते हुए सेवानिवृत हो जाना यह सबसे बड़ी बात है। संतोष यादव अपना पूरा जीवन ईमानदारी से विभाग में नौकरी की और सभी के साथ कुशल व्यवहार निभाते हुए आज 62 वर्ष की नौकरी पूर्ण करते हुए सेवानिवृत हो रहे है। इस दौरान उप वन परिक्षेत्राधिकारी जाफर हुसैन, वन दरोगा नंदलाल कुजूर, देवेश जेरी, विश्वनाथ भगत, वनवीर राम, कामेश्वरी कुजूर, चंदा सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सेवा निवृत्त हुए एसआई को एसपी ने दी विदाई




**राजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ उप निरीक्षक दिनेश राजवाड़े के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने के बाद विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर एवं एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने सेवा निवृत हो रहे उप निरीक्षक को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने कहा कि विभाग से सेवानिवृत हो रहे दिनेश रजवाड़े ने लंबी अवधि तक विभाग में सेवाएं दी है , इन्होंने कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। इस दौरान एसडीओपी मोहम्मद याकूब मेमन सहित अन्य मौजूद थे।


### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** ओड़गी अंतर्गत ग्राम दवना निवासी कृष्णा (61 वर्ष) रविवार को पैदल जा रहा था तभी बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम तम्बाकछार निवासी मनोज टोप्पो (33 वर्ष) गत दिन बाइक से जा रहा था और जैसे ही भितगई के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 7 को

**अम्बिकापुर।** नगर के दरीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 7 सितम्बर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।




## नगर के चौक चौराहों एवं स्कूल छात्रावास में लगाई गई हाई मास्ट लाईट

# क्रेडा विभाग की लापरवाही, सालों बाद भी नहीं हुई हाई मास्ट लाइट की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

क्रेडा विभाग द्वारा नगर के चौक चौराहों सहित स्कूल व छात्रावास में हाई मास्क लाइट की व्यवस्था की थी। हैरानी की बात तो यह है कि हाई मास्क लाइट सालों से खराब पड़ी है बावजूद आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। इसके अलावा किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए सौर ऊर्जा चलित ट्यूबवेल लगाया गया लेकिन वह भी वर्षो से खराब है। हैरानी की बात तो यह है कि हाई मास्क लाइट व ट्यूबवेल के लंबे समय से खराब होने की शिकायत संबंधित विभाग को दी गई लेकिन विभाग द्वारा आज तक मरम्मत करना मुनासिब नहीं समझा जिससे किसानों के साथ लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- विभाग को सूचना देने के बाद भी आज तक नहीं हुई मरम्मत

विकास खंड प्रेमनगर के गई ग्रामों में क्रेड़ा विभाग के माध्यम से किसानों के हित में एवं सार्वजनिक हित में कार्य किया गया है। किसानों सौर ऊर्जा चालित सोलर पंप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और इसी तरह प्रेमनगर के एक ही स्थानों पर पांच शैक्षणिक संस्था कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पीएम श्री, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, एकलव्य आवासीय विद्यालय, प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास के अलावा नगर के चौक चौराहों पर हाई मास्क लाइट लगाई गई। लाइट लगने से रात के समय रोशनी होने से लोगों को काफी राहत मिली। कुछ महीने तो हाई मास्क लाइट काम किया लेकिन समय पर मरम्मत नहीं होने से हाई मास्क लाइट खराब हो गई जो आज भी बंद पड़ा हुआ है। संस्था प्रमुखों ने क्रेडा विभाग को इस हाई मास्क लाइट के खराब होने की जानकारी दी गई लेकिन अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दिए जिसका खामियाजा छात्र छात्राओं के अलावा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। छात्रावास के छात्राओं को रात अंधेरा में गुजारने को मजबूर है। पूर्व सरकार की महत्वपूर्ण गौठान योजना के दौरान गौठान में ट्यूबवेल उत्खनन किया गया था वहां पर क्रेडा विभाग के माध्यम से पंप डाला गया था पंप खराब होने पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सूचना विभाग को दिया विभाग के कर्मचारी आए और पंप को बनवाने के नाम पर लेकर चल दिए और आज पंप नहीं लगा। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत भगवानपुर का है जहां विभाग द्वारा पंप ले जाने के बाद मरम्मत कर वापस नहीं लगाया। सरपंच ने कई बार विभाग के अधिकारियों से पंप लगाने की मांग की लेकिन पंप नहीं लग सका। ग्राम पंचायत हरिहरपुर, रामेश्वरनगर में क्रेडा विभाग के माध्यम से विद्युतीकरण कार्य किया गया है जिसका समय समय पर मेंटेनेंस के कार्य विभाग को ही करना है। दोनों पंचायतों के कई मोहल्लों में आज भी विद्युतीकरण खराब पड़ा हुआ है। सूचना के बाद भी विभाग सुध लेना मुनासिब नहीं समझा।





खराब पड़ा सोलर हाई मासक लाइट।

### नहीं लगा सौर पैनल व पंप

विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना जो किसानों के खेती बाड़ी से जुड़ा हुआ है।जो किसानों के पास ट्यूबवेल कुआं, तालाब है तो उसे सौर ऊर्जा लगाकर किसानों को देना रहता है। किसानों के पास सौर पैनल लगवाने के नाम पर पैसा तो ले लिया गया है लेकिन आज तक किसानों के खेतों व कुआं के समीप सौर पैनल नहीं लगाया गया है। किसानों को पैसा दिए दो साल होने को है लेकिन किसानों को सौर पैनल का लाभ नहीं मिल सका। ऐसे में प्रेमनगर क्षेत्र के कई किसान सौर पैनल लगाने के नाम पर ठगी के शिकार हो गए है। जिसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की गई लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

#### लंबे समय से खराब है पंप

क्रेड़ा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत महेशपुर के जमती ठीहाई पारा, बेंदोबहर पारा, ग्राम पंचायत रामेश्वर नगर स्कूल समीप एवं आंगनबाड़ी के पास, ग्राम पंचायत केदारपुर में कसियारी पारा में क्रेडा विभाग के माध्यम से पानी टंकी, हैंडपंपों में सौर ऊर्जा चलित पंप लगाया गया था लेकिन एक भी पंप सही सलामत नहीं चल रहा है जिससे स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। अधिकारियों को सूचना करने पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

#### वापस नहीं लगाया पंप

ग्राम पंचायत भगवानपुर में क्रेडा विभाग के माध्यम से पंचायत के गौठाने में सबमर्सिबल पंप सेट लगाया गया था। जो कुछ दिन बाद ही खराब हो गया। खराब पंप के संबंध में सूचना दी गई तो कर्मचारी आए और पंप को लेकर चले गए जिसके बाद आज तक पंप वापस नहीं लगाया गया।

-घनश्याम सिरदार, सरपंच

#### कराई जाएगी जांच

ग्राम पंचायतों में कई ऐसे कार्य है जो हमारे विभाग के माध्यम से नहीं हुआ है। जो हाई मास्क लाइट लगाए हुए है यह हमारे विभाग के माध्यम से नहीं लगाए गए है। इस संबंध में जांच कराई जाएगी।

-रणजीत
जिला अधिकारी क्रेडा विभाग




# गाली वाली कांग्रेस की घटिया राजनीति उजागर : अखिलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि हाल ही में बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी स्वर्गीय माता के लिए अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया, वह निंदनीय एवं शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री को तू कहकर संबोधित कर रहे हैं, जो शिष्टाचार और राजनीतिक मर्यादा की सीधी अवहेलना है। भारतीय लोकतंत्र में संवाद की मर्यादा का सम्मान करना जरूरी है और ऐसी अभद्र भाषा को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बिहार जहाँ चाणक्य जैसे नीति-निर्माता, बुद्ध जैसे विश्व गुरु और ज्ञान-विज्ञान की धारा प्रवाहित हुई, वहाँ राहुल गांधी द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग करना उस धरती के गौरव का अपमान है। बिहार की जनता निश्चित ही इस पर राहुल गांधी को करारा जवाब देगी।

- भाजपा प्रदेश मंत्री ने की प्रेस कांफ्रेंस

कांग्रेस पार्टी का यह कोई नया चरित्र नहीं है। संसद सत्र के दौरान भी कांग्रेस सांसद बार-बार 'चोर-चोर' कहकर प्रधानमंत्री को अपमानित करते रहे, यहाँ तक कि लोकसभा अध्यक्ष को भी कहना पड़ा कि ऐसी भाषा से मर्यादा चकनाचूर हो रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को भी 'चोर' कहा, सुप्रीम कोर्ट को 'चोर' कहा, यहाँ तक कि सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं को भी 'चोर' कहा। राहुल गांधी के अनुसार तो पूरा देश ही 'चोर' है, बस वे और उनका परिवार ही सही है। यह मानसिकता लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए घातक है। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि कांग्रेस का नारा पहले गली-गली कांग्रेस था, लेकिन अब यह गाली वाली कांग्रेस बन चुकी है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री को गाली देकर उन्हें कोई लाभ नहीं मिलने वाला। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और कार्यों से खुश है और लगातार उन्हें आशीर्वाद दे रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, संवाद प्रमुख संतोष दास, सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, पार्षद मनोज गुप्ता एवं मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी मौजूद थे।

# गर्ल्स स्कूल में पूर्व छात्राओं का सम्मेलन

**शंकरगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजस में पूर्व छात्राओं का सम्मेलन एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साल 2000 के बाद अध्ययन करने वाले और जीवन में कुछ मुकाम प्राप्त छात्राओं ने शिरकत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंवदा सिंहदेव जो विद्यालय की पूर्व छात्र रही हैं। साथ ही व्याख्याता श्रीमती ज्योति यादव,कुमारी सुभाषिनी, चिकित्सा अधिकारी संगीता लकड़ा,शिक्षक अंजू सोनी, रेखा पैकरा, आशा मनी पैकरा उपस्थित रहे।



सभी ने अपने विद्यालय के दौरान अध्ययन काल के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय शुरुआत में भवन विहीन एवं संसाधन से विहीन था। आज एक सर्व सुविधायुक्त विद्यालय विद्यार्थियों को मिला है। सभी विषयों के प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, खेल का मैदान, साइकिल स्टैंड, शौचालय जैसी विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी पूर्व छात्राओं ने बच्चों को आगे बढ़ने हेतु लगातार मेहनत करने का और शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का पालन करने प्रेरित किया। जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह देव ने अपने अनुभव बच्चों को बताया की किस प्रकार से अलग-अलग सोच के विद्यार्थी विद्यालय में होते हैं। कुछ शरारती कुछ मेहनती, कुछ खेल से जुड़े हुए और कुछ कमजोर बच्चे भी होते हैं। लेकिन शिक्षक सभी के साथ जुड़कर के उनके समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हैं। शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए हर बच्चे को कामयाब बनाने की दिशा में प्रयास करते रहते हैं। बच्चों को चाहिए कि वह अपने गुरुओं के प्रति पूर्ण आदर और निष्ठा के साथ उनके बताएं मार्गदर्शन का पालन करते हुए शिक्षा हासिल करें। साथ ही अच्छी कामयाबी हासिल कर अपने माता-पिता के साथ शिक्षकों का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### गणेश उत्सव पर गोवर्धनपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर में गणेश पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मरावी उपस्थित रहे।सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण रात भर भक्ति गीत का लुत्फ उठाते रहे। कार्यक्रम की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायिका ने अपनी शानदार भक्तिमय प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सचिन वर्मा, राम विकास पटेल, अध्यक्ष उदय वर्मा, उपाध्यक्ष इंद्रदेव पांडे, प्रवीण वर्मा, तुषार पांडे, रोहित वर्मा, राहुल वर्मा, संगम, रितेश प्रभात, सुनील, हनी, बसंत, योगेंद्र तथा गणेश पूजा समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**राजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, बीआरएलएफ, एक्सिस बैंक फाउंडेशन एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में विकासखण्ड अंतर्गत संचालित हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना 2.0 के अंतर्गत इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के राज्य प्रमुख हरिओम गोस्वामी ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री गोस्वामी ने परियोजना टीम के साथ बैठक आयोजित कर अब तक संपन्न कार्यों की समीक्षा की एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। तत्पश्चात ग्राम मुरका में फील्ड विज़िट कर आजीविका संवर्धन से संबंधित गतिविधियों, जैसे सब्जी मचान एवं बकरी शेड मचान का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने नरवा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों एवं नियोजित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संरचनाओं का भी अवलोकन किया। विदित हो कि इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा राजपुर जनपद की 44 ग्राम पंचायतों में किसानों की आय वृद्धि एवं सतत आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है।



# धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव, बनाए गए हैं आकर्षक पंडाल

**रामानुजगंज।** नगर में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है यहां एक से बढ़कर एक गणेश पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। चांदनी चौक के समीप नैतिक विकास संघ द्वारा केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनवाया गया है वहीं श्री विनायक गणेश उत्सव समिति वार्ड क्रमांक 8 द्वारा बोहला का महाराज पंडाल पूरे नगर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

इसके अलावा भी नगर के सभी वार्डों में गणेश पंडाल की भव्यता देखते बन रही है। नगर में छोटे बड़े पंडाल सहित करीब 400 स्थान पर गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है। विदित हो कि कुछ वर्षों से नगर में लगातार गणेश पूजा की भव्यता बढ़ते जा रही है। यहां भी महाराष्ट्र के तर्ज पर गणेश उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाने लगा है। नगर के मध्य बाजार से लेकर किनारे के वार्डों में भी गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है नगर के सभी गणेश पंडालों में प्रतिदिन भंडारे का विशाल आयोजन हो ही रहा है वही प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं। गणेश भगवान की मूर्ति के विसर्जन का



सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है परंतु अभी भी सैकड़ों स्थान पर गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है।

# सूरजपुर व मध्य प्रदेश के सिंगरौली पुलिस अधिकारियों की हुई इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमावर्ती थानों के बीच इंटेलिजेंस और सूचनाओं के आदान प्रदान, सूचना तंत्र को मजबूत कर लॉ एंड ऑर्डर को पुखता बनाने, अवैध वस्तुओं की तस्करी को रोकने, किसी अपराध के बाद बार्डर इलाके में ठोस नाकाबंदी, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आदतन अपराधियों की जानकारी साझा करने एवं अपराधी तक पहुंचने बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य को लेकर शनिवार को मध्यप्रदेश के सिंगरौली में डीआईजी रीवां राजेश सिंह चंदेल की अध्यक्षता में इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग हुई। बैठक में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

- कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की गई चर्चा, सुरक्षा के लिए बनाई गई विशेष रणनीति



बैठक में डीआईजी रीवां राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की पुलिस आपसी तालमेल के साथ लगातार कार्य कर रही है जिसे और पुख्ता करने की रणनीति पर जोर दिया जाएगा। इंटर स्टेट बॉर्डर पर तैनात पुलिस टीम के साथ कड़ी सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई पर चर्चा की। वारंटियों और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए आपसी सहयोग, नशीले पदार्थों के परिवहन और संदिग्ध वस्तुओं की आवाजाही पर नजर रखकर सूचनाओं का आदान-प्रदान और कार्रवाई करने एवं इसके लिए बने वाटसएप ग्रुप को और सक्रिय बनाने को लेकर चर्चा किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर लॉ एंड ऑर्डर को पुख्ता करने के साथ ही त्वरित सूचना आदान-प्रदान कर अपराधियों को धरदबोचा जाएगा। आपराधिक गतिविधियों, अवैध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने रणनीति के तहत समन्वय के साथ एक्शन ली जाएगी। अपराध घटित कर आरोपी राज्य की सीमा से बाहर न निकले इस पर जोर दिया जाएगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ जीएम ऑपरेशन ने क्षेत्रीय कार्यालय में संभाला पदभार



**बिश्रामपुर।** कोल मुख्यालय द्वारा पिछले दिनों जारी आदेश में एसईसीएल बिश्रामपुर के अस्थाई महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह को स्थाई रूप से क्षेत्रीय महाप्रबंधक की जिम्मेदारी दिए जाने के साथ नवपदस्थ महाप्रबंधक ऑपरेशन पद पर गिरीश कुमार राय को भटगांव क्षेत्र से बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ किया है,इसी के परिपालन में बुधवार को नवपदस्थ महाप्रबंधक ऑपरेशन गिरीश कुमार राय ने क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचकर अपना विधिवत पदभार संभाल लिया है,नवपदस्थ महाप्रबंधक ऑपरेशन गिरीश कुमार राय ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने की होगी,जिससे राष्ट्र का विकास हो सके,उन्होंने बताया कि सभी से मिलजुलकर आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए बिश्रामपुर क्षेत्र का नाम रोशन करने की पहल की जाएगी,ज्ञात हो कि अभी तक क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ही महाप्रबंधक ऑपरेशन पद की भी जिम्मेदारी निभा रहे थे।

### शासकीय उमवि सोनगरा में नए प्राचार्य ने संभाला पदभार




**सोनगरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनगरा में सुधीर कुमार सिन्हा ने प्राचार्य के पद पर पदभार ग्रहण किया। . इससे पूर्व व्याख्याता पनमेश्वर पैंकरा प्रभारी प्रचार्य के रूप में कार्य संभाल रहे थे। इस अवसर पर प्राचार्य सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि जिस स्कूल में मैं व्याख्याता के रूप में लगभग 20 साल समय व्यतीत किया वहीं शासन ने मुझे उसी विद्यालय में प्राचार्य के रूप में पदस्थ किया। शिक्षा के गुणवत्ता में हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान किरण किसपोट्टा, निधि श्रीवास्तव, ओमोस कूजूर, पनमेश्वर पैंकरा, बृजभूषण यादव, जगन्नाथ पैंकरा, लोकेन्द्र भगत, सत्येंद्र गुप्ता, गुलाब एक्का, बृज कुमारी, दीप्ति श्रीवास्तव, निर्मला द्विवेदी, अंजली यादव, प्रशांति राय, प्रियंका पांडेय, बैजंती माला खाखा, आरती साव, संगीता राव, पुष्पा जायसवाल, सरिता सिंह, अजय जायसवाल, जागेश्वर राजवाड़े, कृपा शंकर पैंकरा, मदन, भूपेंद्र राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

### घर तक नहीं पहुंची महतारी एक्सप्रेस झलगी से पहुंचाए परिजन



**भैयाथान।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बड़सरा से शर्मनाक तस्वीर सामने आई है जहां महिला को प्रसव उपरांत झलगी में बैठाकर महतारी एक्सप्रेस वाहन तक ले जाया गया। इस तस्वीर से विकास के दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत बड़सरा के आमाखोखा निवासी इंद्रदेव सिंह की पत्नी मानकुंवर (25वर्ष) दूसरी बार गर्भवती थी। आमाखोखा की सड़क बेहद खराब होने के कारण यहां चार चक्का वाहन नहीं जा सकता। इसी बीच बुधवार को सवेरे 7 बजे घर पर ही महिला का प्रसव हो गया। सूचना पर महिला को लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महतारी एक्सप्रेस पहुंची तो खराब सड़क के कारण एक किमी दूर खड़ी हो गई। इंद्रदेव के घर तक वाहन नहीं पहुंच सकी तो परिजन ने महिला को झलगी पर बैठाकर महतारी एक्सप्रेस तक पहुंचाया।

### भाजपा ने किया राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का पुतला दहन



**सूरजपुर।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और आरजेडी द्वारा आयोजित वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के दौरान संयुक्त मंत्र से प्रधानमंत्री के परिवार को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर आज भाजपा एवं भाजयुमो द्वारा विरोध प्रदर्शन किया। साथ राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती के नेतृत्व व भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के मार्गदर्शन में विगत दिनों बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और आरजेडी द्वारा आयोजित वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के संयुक्त मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवार को लेकर दिए निंदनीय बयान के विरोध में जिला मुख्यालय के अग्रसेन चौक सहित जिला के सभी मंडलों व ब्लॉक मुख्यालयों में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया। जहां काफी संख्या में पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही। इस दौरान राजेश महलवाला, थलेश्वर साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संत सिंह, दीपक गुप्ता, शिवशंकर साहू, श्यामू साहू, वेद प्रकाश सिंह, मनी बग्गा, नितेश सोनी, आशा मिश्रा, मुकेश साहू, दुर्गा गुप्ता, यशवन्त प्रताप सिंह, संस्कार अग्रवाल, अभय तिवारी, शांतनु सिंह चौहान, शनी मिश्रा, आनंद शर्मा, किशन देवांगन, सुरेश सोनी, अवनीश सिंह, संजू सोनी, दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा, आकाश मानिकपुरी, शिवकुमार, मनीष यादव, अंकित सिंह चौहान, प्रिंस साहू, हर्ष गोगने, यश सोनी, मनीष सिंह, शानू साहू, तुषार ठाकुर, ऋषि देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चंगाई सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 5 आरोपी गिरफ्तार

भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बुंदिया में चंगाई सभा की आड़ में ग्रामीणों का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

ग्राम बुंदिया सरनापारा निवासी रामानंद बरगाह ने पुलिस से शिकायत की थी कि गांव के ही मंगलसाय के घर में 31 अगस्त को पादरी कमल साय अपने सहयोगियों के साथ आए थे तथा हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं को छोटा बताकर प्रभु ईशु का बखान कर रहे थे तथा धन का लालच देकर ग्रामीणों को ईसाई धर्म मानने के लिए प्रेरित कर रहे थे। चंगाई सभा में मंगलसाय, विजेन्द्र मानिकपुर एवं विक्की गुप्ता को भी बुलाया गया था तथा बीमारी एवं अन्य कष्टों को दूर करने का आश्वासन दिया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस धारा 196, 197, 292, 354 एवं वीएनएस की धारा 3(5) का मामला पंजीबद्ध किया था। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी पादरी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में कमलसाय, मंगलसाय, बिहानू, पादरी कमल साय एवं महात्मा गोड़ शामिल हैं।

## समय पर स्वीपर खोलता है अस्पताल

# स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी से इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण, पूरे दिन लापता रहते हैं कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

**खास बात**
- समय पर नहीं पहुंचता स्वास्थ्य अमला

स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से बेहद पिछड़े चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में शासन ने अस्पताल की सुविधा तो दे दी है लेकिन कर्मचारियों की मनमानी के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी अपनी सुविधा के अनुसार अस्पताल पहुंचते हैं तथा कभी भी घर चले जाते हैं। हालत यह है कि कभी दो घंटे कर्मचारी मौजूद रहते हैं तो कभी पूरे दिन गायब रहते हैं।

घने जंगलों से घिरे चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग वर्तमान युग में भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड मुख्यालय से अधिक दूरी होने के कारण शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मनमानी की शिकायतें आए दिन मिलते रहती हैं। फिलहाल उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में पदस्थ कर्मचारियों की मनमानी क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। वर्ष 2017 में क्षेत्र में मलेरिया का भीषण प्रकोप होने एवं पण्डो जनजाति के मलेरिया पीड़ित 20 लोगों की मौत होने पर विभाग ने क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की जरूरत समझी तथा ग्राम महुली स्थित पटवारी आवास में आनन-फानन में उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ किया गया। स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के साथ ही ओपीडी की सुविधा प्रारंभ की गई। मरीजों की भारी भीड़ को देखते हुए पिछले दो सालों से कोविड सेंटर के एकमात्र हॉल में अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। शासन द्वारा दो साल पूर्व अस्पताल भवन का निर्माण प्रारंभ कराया गया था लेकिन अभी भवन निर्माण पूरा नहीं हो सका है। अस्पताल में आरएमओ सहित तीन कर्मचारी पदस्थ हैं।

आरएमओ के हड़ताल पर जाने के कारण पिछले एक पखवाड़े से स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन मनमानी तरीके से हो रहा है। सुबह स्वीपर झाड़ू लगाने के बाद अस्पताल खोल देता है और शाम 5 बजे बंद भी कर देता है लेकिन कर्मचारियों के पहुंचने का समय निर्धारित नहीं है। कभी कर्मचारी दोपहर 12 बजे पहुंचते हैं तो कभी पहुंचते ही नहीं।

इधर दूर-दूर से पहुंचे ग्रामीण घंटों इंतजार करने के बाद मायूस होकर घर लौट जाते हैं। कई बार तो अस्पताल का लगातार चक्कर लगाने के बाद भी स्वास्थ्यकर्मी नहीं मिलते और पीड़ितों को उपचार के लिए 10 किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।



स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर इंतजार करते ग्रामीण।

**कार्रवाई की जाएगी**

इस बड़ी लापरवाही की जानकारी आपसे मिली है। इस संबंध में मैं तत्काल जानकारी लेता हूं। लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-बंटी बैरागी
बीएमओ, बिहारपुर

### नहीं है इंजेक्शन की सुविधा

यह जानकर हैरानी होगी कि स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन लगाने तक की सुविधा नहीं है तथा मरीजों का उपचार सिर्फ टैबलेट के भरोसे किया जा रहा है। पिछले दो सालों से प्रसव की भी सुविधा बंद कर दी गई है। संस्थागत प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को 40 किमी लम्बी दूरी तय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। स्वास्थ्य केन्द्र में आरएमओ तीन दिन अपनी सेवाएं देते हैं जबकि शेष दिन क्षेत्र के भ्रमण पर रहते हैं। आरएमओ मरीजों को इंजेक्शन लगाते हैं लेकिन उनकी अनुपस्थिति में आरएचओ एवं एएम को चिकित्सक की अनुमति बिना इंजेक्शन लगाने की अनुमति नहीं है।

### सुविधाएं बढ़ाने की मांग

प्राथमिक स्वास्थ्य के अधीन दूरस्थ ग्राम पंचायत बैजनपाट, लुल्ह, खोहिर, भुण्डा, तेलाईपाट, रामगढ़, जुड़वानियां, कछवारी, कोल्हुआ, भाटापारा, पण्डो बस्ती, चोंगा, करौटी ए, महुली सहित अन्य गांव शामिल हैं। पहाड़ी एवं दूरस्थ इलाकों के ग्रामीणों के लिए जिला मुख्यालय का सफर बेहद कठिन है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने में भी ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों की आवश्यकता को देखते हुए वर्ष 2018 में तत्कालीन सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने की घोषणा कर शासन को प्रस्ताव भेजा था लेकिन स्वीकृति नहीं मिली। तत्कालीन सीएमएचओ डा.आरएस सिंह ने भी वर्ष 2023-24 में इस संबंध में शासन को दोबारा प्रस्ताव भेजा था लेकिन अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल सकी है। पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में इलाज के लिए ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।



# एनएच 43 में तेज रफ्तार अनियंत्रित दो कारों में भिंड़त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एल्टो सवार चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल
- जयनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अंबिकापुर जिला अस्पताल भिजवाया

एनएच 43 पर संजयनगर में मोड़ समीप आज बुधवार की शाम तेज रफ़्तार अनियंत्रित दो कार में भिड़ंत हो गई है,घटना में दोनों कारों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है साथ ही एल्टो सवार चार लोगों को गंभीर चोट आने पर उपचार हेतु अंबिकापुर अस्पताल भेजकर भर्ती कराया गया है,प्राप्त जानकारी जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संजयनगर में ढाबा के समीप मोड़ पर बुधवार की शाम रायगढ़ से रामानुजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सागरपुर जा रहे मारुति नेक्सा एक्स एल कार क्रमांक सीजी 29 एडी 5564 एवं केनापारा पर्यटन स्थल से अंबिकापुर की तरफ जा रहे मारुति अल्टो कार क्रमांक सीजी 29 सीपी 1630 के साथ जोरदार टक्कर हो गई,इस सड़क दुर्घटना में एक्स एल कर का सामने का हिस्सा व एल्टो कार का साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सागरपुर गांव जाने वाले कार को चालक धर्मेंद्र देवांगन पिता वीर साय चला रहा था,वाहन में सागरपुर निवासी निर्मल,वीर साय, सुंदरी व ललिता सवार थे,जो बाल बाल सुरक्षित बच गए हैं,लेकिन साइड से तेज गति से टक्कर लगने से अल्टो कार में सवार शौर्य जायसवाल समेत चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।सूचना मिलते ही जयनगर थाना से प्रधान आरक्षक दीपक दुबे व आरक्षक रवि पांडेय तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंच घायलों को अंबिकापुर अस्पताल भिजवा दिया है,मारुति एक्स एल कार ग्राम सागरपुर निवासी जगदीश सिंह पिता सुमेर सिंह की बताई जा रही है।

## गाड़ी पर पथराव करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाइक जब्त



**सूरजपुर।** अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऊंचडीह रेलवे क्रासिंग के पास परिजन के साथ बैकुण्ठपुर की ओर जा रहे कार का पीछा करने के साथ ही पथराव कर कार का शीशा तोड़ने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 बाइक को जब्त किया है।

जामपारा में बैकुंठपुर निवासी राजेदर सूर्यवंशी पिता रामचंद्र सूर्यवंशी बसदेई चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दस अगस्त को कार में परिजन के साथ वाड्रफनगर से बैकुंठपुर जा रहे थे इस दौरान रात्रि में उचंडीह रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल से कार का पीछा कर कार पर पथराव किया जिससे कार का शीशा टूट गया और कार में बैठे लोगों के सिर एवं हाथ में चोटे आई। रिपोर्ट पर पुलिस धारा 296 (ई), 115(2), 324(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थीं। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी ग्राम सिरसी निवासी शोभनाथ राजवाड़े पिता सीताराम राजवाड़े, रवि राजवाड़े पिता कैलाश प्रसाद राजवाड़े, उत्तम राजवाड़े पिता उमेश राजवाड़े एवं ओमप्रकाश राजवाड़े पिता नंदलाल राजवाड़े को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर कार का पीछा करने में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जब्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक बालमुकुंद पाण्डेय, महेंद्र सिंह आरक्षक देवदत्त दुबे, निलेश जायसवाल, रामकुमार, अशोक केवट व राकेश सिंह शामिल थे।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, अपचारी बालक समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जिले के बतौली क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर लौट रही किशोरी और उसके साथी को बंधक बना लिया और दुष्कर्म किया। इस मामले की शिकायत किशोरी ने पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि सोमवार को 16 वर्षीया किशोरी अपने दोस्त के साथ बरगीडीह गई हुई थी और शाम को वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान बेलकोटा नर्सरी के समीप तीन युवक और एक नाबालिग बैठकर शराब पी रहे थे। रास्ते से गुजर रही किशोरी को देखकर आरोपियों की नियत बिगड़ गई और उन्होंने किशोरी और उसके साथी को रोक लिया और धमकाते हुए नर्सरी की ओर ले गए। इस दौरान आरोपियों कने किशोरी के दोस्त को पकड़कर उसके साथ मारपीट की और किशोरी के साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया। किशोरी ने आरोपी युवकों में से एक को पहचान भी लिया था। इस दौरान आरोपी किशोरी को डराने धमकाने के बाद भाग निकले। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजन को दी। मंगलवार को किशोरी ने परिजन के साथ बतौली थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही बेलकोटा निवासी विल्सन खेस, कुनाल केरकेट्टा, संजय खेस व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## एनएच पर हर दिन पहुंच रहा 12 हाथियों का दल, घंटों लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव



पिछले चार दिनों से वन परिक्षेत्र उदयपुर के जंगलों में भ्रमण कर रहे हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। हाथी पूरी रात जंगल किनारे के गांवों में तबाही मचा रहे हैं तथा हर दिन अम्बिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 को पार कर आवागमन कर रहे हैं। गनीमत है कि अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन मामूली सी भी लापरवाही खतरनाक हो सकती है।

चार दिन पूर्व वन परिक्षेत्र प्रेमनगर के रास्ते बैकुंठपुर से 12 हाथियों का दल राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर फतेहपुर जंगल में दाखिल हुए थे। जंगल किनारे के तीन घरों में तोड़फोड़ मचाने एवं धान व मक्का की फसल तबाह करने के बाद हाथी महेशपुर चले गए थे। इस दौरान कुछ समय गुजारने के बाद हाथी नेशनल हाईवे पार कर वापस तारा जंगल में दाखिल हो गया। इसके बाद शाम ढलने के बाद हाथियों का दल नियमित हाइवे पार कर क्षेत्र के जंगलों में पहुंच रहा है तथा जंगल किनारे के घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही फसलों को तबाह कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल दोबारा फतेहपुर जंगल पहुंचा एवं 5 घरों में तोड़फोड़ की। हाथियें ने इस दौरान 20 से अधिक किसानों की धान व मक्का की फसल को तबाह किया। हाथी अब तक ग्राम फतेहपुर के 8 ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ करने के साथ ही 30 से अधिक किसानों की फसल तबाह कर चुके हैं। हाथियों के भ्रमण की सूचना पर वन अमला पूरी रात प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मौजूद रह रहा है तथा ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दे रहा है। त्यौहार का समय होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में शराब का उपयोग होने एवं देर रात तक ग्रामीणों द्वारा आवाजाही करने के कारण जनहानि का खतरा बढ़ गया है। वन अमला ग्रामीणों को इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने एवं शाम ढलने के बाद घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दे रहा है।

### हर दिन लग रहा जाम

हाथियों के सुबह-शाम नेशनल हाइवे पार करने के दौरान हर दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। हाथियों के एनएच के निकट पहुंचते ही वन अमला दोनों ओर से वाहनों का आवागमन रोक देता है। हाथियों के एनएच पार कर दूर निकलने के बाद पुनः आवागमन सुचारू होता है। कई बार हाथी एनएच पर निश्चित होकर देर तक घूमते रहते हैं।

## ट्रैक्टर पलटने से खुला मामला, अस्पताल में भर्ती था आरोपी

# 125 किलो गांजा तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी तस्कर सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती था। आरोपी के पास से पुलिस ने कुल 125 किलो गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत 6 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। बता दें कि 26 अगस्त को दलधोवा घाट में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब रेस्क्यू अभियान शुरू किया तो उनके होश उड़ गए। घटना स्थल पर चारो तरफ गांजा के बड़े बड़े पैकेट पड़े हुए थे। पुलिस ने इस दौरान घटना में गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक बिहार के सासाराम आदमापुर निवासी 25 वर्षीय अनुज कुमार आ. पारस पासवान को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही मौके से 125.51 किलो ग्राम गांजा बरामद किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी उड़ीसा से गांजा को ट्रैक्टर में लोड कर बिहार लेकर जा रहा था। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए गांजा के पैकेट को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे अलग से टिन के प्लेट से वेल्डिंग कर बॉक्स नुमा चेंबर बनाकर छिपाया था लेकिन दुर्घटना के कारण उसका बॉक्स खुल गया और गांजा बाहर आ गया। इस घटना में घायल युवक के कमर की हड्डी टूटने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। अब आरोपी के डिस्चार्ज होने के बाद आरोपी अनुज कुमार पासवान को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (ii) (ग) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411